कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला मुंगेली (छ.ग.)

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) अंतर्गत **"जिला बाल संरक्षण इकाई"** के क्रियान्वयन हेतु संविदा पर संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) एवं आउटरीच वर्कर के पद स्वीकृत किये गये है। उक्त पदों की संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर से विज्ञापन प्रसारित किया गया है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **दिनांक 10.05.2018** निर्धारित है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के वेबपोर्टल https://cgstate.gov.in, मुंगेली जिले के वेबपोर्टल http://mungeli.gov.in एवं कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (प्रथम तल, कम्पोज़िट बिल्डिंग जिला कार्यालय मुंगेली) मुंगेली के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला मुंगेली (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ 81 /मबावि/ICPS/स्था/2018–19 मुंगेली, दिनांक 17.04.2018

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग संचालनालय, नया रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स रायपुर, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया छत्तीसगढ़ शासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल पर उक्त विज्ञापन अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
3. जिला सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र जिला मुंगेली (छ.ग.) को सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया जिले की वेबसाईट पर विज्ञापन अपलोड कराने का कष्ट करें। (संलग्नः– सी.डी.)
4. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग जिला मुंगेली (छ.ग.) को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला – मुंगेली (छ.ग.)

"विज्ञापन"

क्रमांक/ 30 /मबावि/ICPS/स्था/2018–19 मुंगेली, दिनांक 17.04.2018

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार "एकीकृत बाल संरक्षण योजना" अंतर्गत "जिला बाल संरक्षण इकाई" मुंगेली में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से **दिनांक 10.05.2018** तक आवेदन आमंत्रित है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	पदनाम	पद संख्या	एकमुश्त संविदा वेतन	पदों की प्रकृति	पदों के आरक्षण की स्थिति
1.	संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख)	01	21,000/– प्रतिमाह	संविदा	अनारक्षित
2.	आउटरीच वर्कर	01	8000/– प्रतिमाह	संविदा	अ.पि.व.

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

पदनाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनिवार्य अनुभव	वांछनीय योग्यता
संरक्षण अधिकारी	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम. एस. ऑफिस/वेब आधारित अन्य सॉफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन में बच्चों की देखरेख/संरक्षण/पुनर्वास विषय पर कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो।
आउटरीच वर्कर	किसी भी विषय में स्नातक	समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, में स्नातक को प्राथमिकता	शासकीय/अर्द्धशासकीय/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में बाल देखरेख/संरक्षण/पुनर्वास/बाल कल्याण विषय पर कम से कम 1 वर्ष का कार्य का अनुभव।	अंग्रेजी, हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान।

- **निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मुंगेली (प्रथम तल, कम्पोज़िट बिल्डिंग जिला कार्यालय मुंगेली) जिला मुंगेली (छ.ग.) को प्रस्तुत करना होगा।**
- आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 10.05.2018** है।
- आवेदन पत्र का प्रारूप http://mungeli.gov.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

क्रमशः

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।

2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नही होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान भत्ता, मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नही होगी।

3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

4. आवेदक की आयु 1 जनवरी 2018 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।

5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।

6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होने चाहिए। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।

7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ संलग्न वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित होना चाहिए।

8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।

10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।

11. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नही होगा।

12. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। किन्तु शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् कर्मचारी को पंजीयन से छूट प्राप्त होगी।

क्रमशः

13. अंतिम चयन सूची जारी होने के दिनांक से 1 वर्ष की अवधि तक प्रतीक्षा सूची वैध रहेगी।

14. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखा होना चाहिए।

15. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकर होंगे।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

16. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

पदनाम	चयन प्रक्रिया
संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख)	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक। 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। तथा 3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे। 4. उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी।
आउटरीच वर्कर	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 75 अंक, 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे।

उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट क्रम में 1 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को प्राक्चयन परीक्षा/लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।

17. नियुक्ति के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

18. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी इस जिले के वेबसाईट http://mungeli.gov.in एवं कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुंगेली (प्रथम तल, कम्पोज़िट बिल्डिंग जिला कार्यालय मुंगेली) के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

क्रमशः

19. अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यर्थियों को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यर्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नम्बर का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

20. आवेदक का आवेदन दिनांक 10.05.2018 को सायं 05:00 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुंगेली (छ.ग.) में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

(जिला कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला मुंगेली (छ.ग.)

क्रमशः

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला मुंगेली (छ.ग.)

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....
   (अंग्रेजी में) :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. पत्र व्यवहार का पता :– .....
   :– .....
5. स्थायी पता :– .....
   :– .....
6. मोबाईल नम्बर :– .....
7. ई–मेल आईडी :– .....
8. राष्ट्रीयता :– .....
9. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....
   (शब्दों में) :– .....
10. दिनांक 01.01.2018 को आयु :– .....वर्ष .....माह .....दिन
11. लिंग (पुरूष/महिला) :– .....
12. जाति/वर्ग (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य) :– जाति..... वर्ग.....
13. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :– .....
    (यदि हां तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
14. क्या आप विवाहित है ? यदि हाँ तो विवाह की तिथि ? :– .....
    जीवित बच्चों की संख्या (बच्चों का नाम/लिंग एवं जन्मतिथि सहित) :– .....
15. अ – रोजगार कार्यालय का नाम :– .....
    ब – पंजीयन क्रमांक :– .....
    स – दिनांक :– .....

16. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

17. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

18. कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र.	संस्था का नाम	पदनाम	नियुक्ति आदेश का क्रमांक व दिनांक	कब से कब तक	वेतन एवं पद छोड़ने का कारण

टीपः– अभ्यर्थी यदि संस्था में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करता है तो निम्नानुसार प्रमाण पत्र भी स्वप्रमाणित कर अनिवार्यतः संलग्न करें :–

1. संस्था द्वारा जारी नियुक्ति आदेश की छायाप्रति।
2. संस्था में कार्यभार ग्रहण दिनांक की छायाप्रति।

19. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6. .....
7. ..... 8. .....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

घोषणा – पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण/समस्त अभिलेख मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य एवं अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी एवं इस आधार पर मुझे बिना नोटिस दिये मेरी नियुक्ति/सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

स्थान :– .....

दिनांक :– .....

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम व पता :–